भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 6030

(दिनांक 01.04.2026 को उत्तर देने के लिए)

डीडी पोधिगई पर कार्यक्रमों का स्वरूप और संपादकीय सामग्री का प्रसारण

6030. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान डीडी पोधिगई पर प्रसारित कार्यक्रमों के स्वरूप और संपादकीय सामग्री की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो प्रसारित कार्यक्रमों की श्रेणियाँ क्या हैं और इन पर हुआ व्यय कितना है, साथ ही प्रसार भारती के अंतर्गत अपनाई गई संपादकीय अनुमोदन प्रक्रियाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का डीडी पोधिगई के कार्यक्रमों में बहुलवाद, क्षेत्रीय विविधता और संवैधानिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने या निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): प्रसार भारती ने जनवरी 2024 में रिवैम्प्ड डीडी तमिल चैनल का शुभारंभ किया। यह एक 24×7 समर्पित टेलीविजन चैनल है जिसका प्रसारण सैटेलाइट और स्थलीय नेटवर्क के माध्यम से किया जा रहा है। डीडी तमिल चैनल तमिल भाषा में कला, संस्कृति, साहित्य, इतिहास, धरोहर, परंपराओं, प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों तथा जन-केंद्रित विषयों पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित करता है। यह तमिलनाडु राज्य से संबंधित समाचार और समसामयिक विषयों का भी प्रसारण करता है। डीडी पोधिगई का नाम दिनांक 19.01.2024 से बदलकर डीडी तमिल कर दिया गया है।

भारत सरकार, प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम के लिए 100% वित्तपोषण प्रदान करती है। यह स्कीम दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु है। इस योजना के लिए वर्ष 2021-26 की अवधि हेतु ₹2539.61 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु के लिए प्रसार भारती की कई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन-हाउस प्रोडक्शन को मजबूत करने के साथ-साथ, नए तमिल धारावाहिकों के लिए प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम के तहत भी निधि प्रदान की गयी है। "महाकवि भारती, थायम्मा कुदुम्बटार, बजट कुडुम्बम, और शक्ति आईपीएस" नामक चार धारावाहिकों का निर्माण कर उनका प्रसारण चैनल पर किया जा चुका है तथा “83-84” नामक एक अन्य धारावाहिक को स्वीकृति प्रदान की गई है। दूरदर्शन नेटवर्क पर प्रसारित सभी कार्यक्रम, जिसमें डीडी तमिल भी शामिल है, “प्रसार भारती के कार्यक्रम संहिता” का पालन करते हैं और अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित केंद्र के कार्यक्रम प्रभाग द्वारा पूर्वावलोकन किया जाता है।

दूरदर्शन की फ्री-टू-एयर डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा, "डीडी फ्री डिश", तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में उपलब्ध है। प्रसार भारती ने 2024 में अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स भी लॉन्च किया है, जो इंफोटेनमेंट सामग्री प्रदान करने वाला एक डिजिटल स्ट्रीमिंग एग्रीगेटर है। तमिलनाडु में आकाशवाणी चैनलों सहित 260 से अधिक आकाशवाणी चैनल "न्यूजऑनएयर" मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन पर उपलब्ध हैं। ये और अन्य अखिल भारतीय डिजिटल प्रसारण पहलों का बीआईएनडी योजना के तहत लगातार विस्तार किया जा रहा है और तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में इसको लागू किया जा रहा है।

*****